Daily Current Affairs 02 November 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति (National Security Strategy – NSS) लाने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति को अनिवार्य किया गया
• अमेरिका ने हाल ही में अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति (National Security Strategy – NSS) शुरू की है। सभी अमेरिकी राष्ट्रपतियों को अपना NSS लाने के लिए 'Goldwater-Nichols Department of Defense Reorganization Act of 1986' द्वारा अनिवार्य किया गया है।

2. मच्छू नदी (Machchu river) पर मोरबी ब्रिज (Morbi Bridge) गुजरात राज्य में स्थित है
• मोरबी में मच्छू नदी पर 135 साल पुराने पुल के गिरने से 40 महिलाओं और 34 बच्चों समेत 140 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। मच्छू नदी पर बने 754 फीट के इस पुल का निर्माण 19वीं शताब्दी में ब्रिटिश शासन के दौरान किया गया था।
• मरम्मत और नवीनीकरण कार्य के लिए सात महीने से अधिक समय तक बंद रहने के बाद, इसे फिर से खोलने के चार दिन बाद यह ढह गया। यह एक लोकप्रिय पर्यटक आकर्षण है जिसे जुल्टो पुल (झूलते पुल) के नाम से जाना जाता है।

3. 'DRDO Industry Academia-Centre of Excellence' (DIA-CoE) IIT रुड़की संस्थान में स्थापित किया गया
• रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (IIT रुड़की) में 'DRDO Industry Academia-Centre of Excellence' (DIA-CoE) स्थापित करने की मंजूरी दे दी है। यह सुविधा DRDO, भारत सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त करेगी।

4. पीएम मोदी ने गुजरात के जंबुघोड़ा में लगभग 860 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला रखी
• प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के पंचमहल जिले में जम्बूगोडा में करीब 860 करोड रूपये की लागत वाली परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में श्री गोबिन्द गुरू विश्वविद्यालय के नये हरित प्रशासनिक खण्ड का उद्घाटन, विश्वविद्यालय के कई शैक्षिक खण्डों और नये भवन की आधारशिला रखा जाना शामिल है। श्री मोदी ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी राजा रूपसिंह नायक और संत जोलिया परमेश्वर की स्मृति में प्राथमिक स्कूल और स्मारकों का उद्घाटन किया

5. प्रधानमंत्री ने बांसवाड़ा जिले के मानगढ़ धाम में 'मानगढ़ धाम की गौरव गाथा' कार्यक्रम को संबोधित किया
• प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (Narendra Modi) ने राजस्थान (Rajasthan) के बांसवाड़ा (Banswara) जिले में मानगढ़ धाम (Mangarh Dham) को मंगलवार को राष्ट्रीय स्मारक (National Monument) घोषित किया। नरेंद्र मोदी मंगलवार सुबह राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के मानगढ़ धाम पहुंचे।
• मोदी धाम के स्मारक पर पहुंचे और 1913 में ब्रिटिश सेना की गोलीबारी में शहीद हुए आदिवासियों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए PM ने कहा कि आजादी के 'अमृत महोत्सव' में हम सभी का मानगढ़ धाम आना, ये हम सभी के लिए प्रेरक और सुखद है।

Resultuniraj.co.in